ಕರ್ನಾಟಕ ಸರಕಾರ

परिसर अध्ययन

ENVIRONMENTAL STUDIES

अभ्याससहित पाठ्यपुस्तक

TEXT CUM WORK BOOK

(REVISED) PART - 2

हिन्दी माध्यम

HINDI MEDIUM



तीसरी कक्षा

THIRD STANDARD

Karnataka Text Book Society (R.)
6th Cross, Malleshwaram,
Bengaluru - 560 003.

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

विषय-सूची

Z8B3C5

क्र.सं.	पाठ	पृष्ठ संख्या
13.	सुविधाएँ-हमारे लिए	1-9
14.	परिवहन	10-16
15.	पत्र वार्तालाप	17-25
16.	दीपा की पीढ़ियाँ	26-31
17.	मेरी रुचियाँ	32-38
18.	ये भी हम जैसे	39-43
19.	मेला आया मेला	44-49
20.	मेरा एक दिन	50-56
21.	आँख मिंचौली	57-65
22.	मटके की कहानी	66-70
23.	हम सबका घर	71-83
24.	नक्शा	84-87
25.	मेरा जिला-तुम्हारा जिला	88-102

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

पाठ 13

सुविधाएँ - हमारे लिए

B7S5K7

इस पाठ के अध्ययन के बाद तुम,

- सार्वजनिक सुविधाओं की आवश्यकता को समझोगे और सुरक्षित रखोगे ।

उस दिन पाठशाला के बच्चों को विभिन्न जगहों पर ले जाने का कार्यक्रम था। सभी बच्चे बहुत उत्साहित थे। निर्धारित समय से पहले ही बच्चे पाठशाला में पहुँच गए थे। ठीक समय पर बस आ गई। बच्चे कतार में खडे होकर बारी-बारी से बस में चढे। अब बस चल पडी। सबसे पहले बस पुस्तकालय के सामने पहुँची।



बच्चों ने वहाँ लिखी सूचनाओं को ध्यान से पढा। बिना आवाज किए उन्होंने ग्रंथालय का निरीक्षण किया। उन्हें जो पुस्तके अच्छी लगी थोडी देर तक उन्हें पढा। इसके बाद पुस्तकों को सही जगह पर रखकर बाहर निकले। बस में चढे।

चित्र में दिखाए गए सूचना फलकों को पढ़ो। ऐसा क्यों लिखा है?


क्या तुमने अपने गाँव के पुस्तकालय को देखा है ?
वहाँ तुम कौन से नियमों का पालन करते हो ? लिखो।

_____

_____

ग्रन्थालय जाने की आदत डालो।

बस आगे चलकर बस अड्डे पर रुकी. सब बच्चे नीचे उतरे बस अड्डे में थोडा इधर-उधर घूमें।



बच्चों ने बस अड्डे को साफ रखने के लिए क्या सहयोग किया?

_____

_____

_____

_____

NOT TO BE REPUBLISHED

तुम्हारे यहाँ का बस अड्डा कैसा है ?

इसके बाद बच्चे बस में चढकर अस्पताल पहुँचे।




बच्चों ने अस्पताल के कई कार्यों को देखा। अस्पताल कितना साफ-सुथरा है ऐसा सोचते हुए बस में चढे।

अपने गांव/ शहर के अस्पताल जाकर देखो। क्या वहाँ सफाई है। तुमने जिन बातों पर ध्यान दिया उन्हें यहाँ लिखो।

© KTE NOT TO BE REPUBLISHED

उद्यान-वन पर आकर बस रुकी। बच्चे बहुत खुश हुए।

यह तुम्हारा अपना उद्यानवन है इसे साफ रखो।



शाम होने तक बच्चे वहाँ खूब खेले। थककर बच्चे बस में चढकर पाठशाला वापस पहुँचे। तुमने जो उद्यानवन देखा है। उसके बारे में दो पंक्तियाँ लिखो।

_____

_____

अगले दिन अध्यापक ने बच्चों से पिछले दिन के प्रवास से संबन्धित कुछ प्रश्न पूछे। क्या तुम भी उनके साथ गए थे ? इन प्रश्नों के उत्तर दो।

1. तुमने जिन जगहों को देखा उनके नाम लिखो।

_____

_____

NOT TO BE REPUBLISHED

2. तुम्हें कौन सी जगह पसन्द आई और क्यो ?

_____

_____

3. पुस्तकालय, अस्पताल, बस अड्डा, उद्यानवन ये सभी सुविधाएँ है। इनका उपयोग कौन करते है?

_____

_____

4. हम सबके द्वारा प्रयोग की जाने वाली इन सभी सुविधाओं को सार्वजनिक सुविधाएँ कहते हैं। सार्वजनिक सुविधाओं की आवश्यकता क्यों है ?

_____


_____

5. सार्वजनिक सुविधाओं की देखरेख कौन करते है ? इसे जानकर लिखो।

_____

_____

निम्न चित्रों में दिखाए गए सार्वजनिक सुविधाओं के नाम व उसकी आवश्यकता के बारे में लिखो।



_____

_____

_____




_____


_____

_____

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED















NOT TO BE REPUBLISHED ©KTBS














@KTBS
NOT TO BE REPUBLISHED


निम्न चित्रों को देखो। इन संदर्भों में तुम क्या करोगे लिखो।











© @KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

अपने गाँव या शहर की सार्वजनिक सुविधाओं की सूची बनाओ।

_____

_____

पाठशाला एक सार्वजनिक सुविधा है। क्यों ? यहाँ लिखो।

_____

_____

तुम और तुम्हारे मित्र पाठशाला को कैसे स्वच्छ रखोगे ?

_____

_____

क्रिया कलाप : निम्नलिखित शब्दों के चौखाने में सार्वजनिक सुविधाओं के नाम लिखे हैं। उन्हें पहचानों और उदाहरण के अनुसार उस पर गोल खींचो।

अ	पु	स्‍	त	का	ल	य	न	पा	ठ	शा	ला
स्‍	ल	व	झ	ग	बि	ज	ली	के	खं	बे	न
प	घ	व	उ	द्या	न	व	न	म	रे	म	ज
ता	न	ज	व	ल	ब	त	न	र	ल	ग	ड
ल	ड	न	ब	ब	त	न	र	द	वे	ल	व
ड	डा	न	स	फ	ट	द	क	रा	स्‍	ते	शौ
ग	क	प	अ	ड	ठ	ध	ख	फ	टे	प	चा
ल	घ	ल	ड़	व	मं	म	न	द	श	ल	ल
प	र	क	डा	न	डी	ल	ज	न	न	व	य

• निम्नलिखित सार्वजनिक सुविधाओं को पहचानकर उन पर गोल खींचों।

पाठशाला, दुकान, घर, पुस्तकालय, कार, बस, वृक्ष, घर की बिजली, सडक के खंबे, उद्यानवन, रास्ते, घर का नल, घर का बगीचा, गली का नल, डाकघर, मंडी, राशन की दुकान।

© SCERT NOT TO BE REPUBLISHED

पाठ 14

परिवहन

इस पाठ के अध्ययन के बाद तुम,

- यात्रा की आवश्यकता को जानोगे।
- पास, दूर तथा यातायात के नए साधनों के बारे में जानोगे।
- बस अड्डा, रेलवे स्टेशन में काम करनेवाले कर्मचारियों के बारे में जानकारी पाओगे।

गाओ - झूमो :

निकला बस में घूमने
दोस्त बैठा है सामने।

रस्ते में तब देखे हमने
परिवहन लगे थे भागने।


धीमी चलती है बाइसिकल
तेज भागती मोटर साइकिल।

सरपट चलती घोडागाडी
सामानों से लदी है बैलगाडी।

दिखते है ऑटो रिक्शा बारबार
आती है तभी दौडती मोटर कार।

आसमान में उड़ता है वायुयान
सागर में चलता पत्तनयान।

तैरती हैं नदी में बहुत सी नावें
यह सब मेरे मन को भावें।



NOT TO BE REPUBLISHED © KTBS

गीत में दिखाए गए चित्रों के नाम लिखो।

वाहनों के चित्रों का संग्रह करके यहाँ चिपकाओं।

@KTBS
NOT TO BE REPUBLISHED

तुम जिन-जिन वाहनों में बैठे हो उनके नाम लिखो।

सूचि तैयार करने के बाद उन में

तेज तथा धीमी गति से चलनेवाले वाहन कौन से है, लिखो ।

तेजगति से चलनेवाले वाहन	धीमी गति से चलनेवाले वाहन

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

तुम्हारे गाँव / शहर के लोग सामान ढोने के लिए किन-किन वाहनों का इस्तेमाल करते हैं? यहाँ लिखो।

कार्यकलाप : खाली जगह भरकर पढो।

हम एक जगह से दूसरी जगह जाने के लिए [ ] तथा [ ] जैसे वाहनों का उपयोग करते हैं। सामानों की ढुलाई के लिए [ ] [ ] तथा [ ] जैसे वाहनों का उपयोग करते हैं। दूर की यात्रा के लिए [ ] सुखदायक है। शीघ्र यात्रा के लिए [ ] उपयोगी है [ ] का उपयोग रेगिस्तानी यात्रा के लिए करते हैं। नदियों को पार करने के लिए [ ] का उपयोग करते हैं।



WEB COPY @KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

अपने यहाँ के बस अड्डे में तुमने क्या - क्या देखा उसे यहाँ लिखो।

_____

_____


_____

_____

क्रियाकलाप : तुमने जिन वाहनों को देखा है, किन्ही 2 वाहनों के चित्र बनाकर उनमें रंग भरो।

@KTBS
NOT TO BE REPUBLISHED

रेलवे - स्टेशन



- क्या तुम्हारे गाँव में रेलवे स्टेशन है ?
- क्या तुमने रेलवे स्टेशन देखा है ?
- क्या तुमने रेलगाडी में यात्रा की है ?

करो - देखो

माचिस के डिब्बों तथा बोतलोंके ढक्कनों की सहायता से रेलगाडी का नमूना बनाने का प्रयत्न करो। बडों की सहायता लो।

पढो - जानो

बस अड्डे तथा रेलवे स्टेशन में काम करने के लिए कर्मचारियों की आवश्यकता होती है। हमारी सुखकर सुरक्षित यात्रा के लिए इनका सहयोग आवश्यक है।

© NOT TO BE REPUBLISHED

नीचे दिए गए चित्रों में कौन, क्या काम कर रहा है ? खाली जगह में लिखो।



_____




_____



_____



_____



_____

@KTBS
NOT TO BE REPUBLISHED


पाठ 15

पत्र वार्तालाप

S7W3L3

इस पाठ के अध्ययन के बाद तुम,

- इशारों (संकेतो), अभिनय आदि के द्वारा बिना भाषा का प्रयोग किए बातचीत करोगे।
- पत्र द्वारा संपर्क विधान तथा डाकघर के क्रिया कलापों के बारे में जानोगे।



@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

गर्मी की छुट्टियों में एक दिन संजय के घर में कुछ बच्चे टी.वी में क्रिकेट देखने के लिए इकट्ठा हुए थे। खेल देखने में मजा आ रहा था। राहुल द्राविड की बैटिंग चल रही थी। हरभजन गेंद फेंक रहे थे। द्राविड ने बल्ला घुमाकर गेंद को जोर से मारा। गेंद बाउण्ड्री के बाहर चली गई। टी.वी. देखनेवाले बच्चे जोर-जोर से ताली बजाने लगे संजय ने अंपायर के इशारे की ओर देखा।

संजय : सुनील भैया अंपायर ने अपने दोनों हाथ ऊपर क्यों उठाए।

सुनील : क्योंकि गेंद बाउण्ड्री से बाहर गिरी। छ! रन हो गए इसे बताने के लिए अंपायर ने इशारा किया।

संजय : इसे बोलकर भी बताया जा सकता था न ?

उमा : इतने बडे मैदान में लोगों के शोर में कुछ भी सुनाई नहीं दे सकता, इशारे से बताना आसान होता है। सभी समझ सकते हैं।

लूसी : हम भी एक बार एक होटल गए थे जहाँ संकेतों (इशारो) से चावल रोटी आदि मँगा रहे थे। देखने में दिलचस्प लगा।

सल्मान : हाँ कई बार जहाँ की भाषा नहीं आती और व्यक्ति दूर रहते हैं और शोर शराबा होता है वहाँ इशारों से काम चलता है।

क्रिया कलाप : तुम बिना बोले, अपने मित्रों से इशारो में बात करो।

- निम्न क्रिया कलापों को इशारो में बताने का प्रयत्न करो।
- बुलाना, लिखना, गाना, खाना, वस्तु लेकर आना। चाहिए या नहीं चाहिए। ऊपर-नीचे वहाँ-यहाँ दिखाना, पानी पीना।
- तुम ऐसे इशारे करो और तुम्हारे मित्रों से इन इशारों की पहचान कराओ. तुमने क्रिकेट, फुटबाल खेल देखा होगा। इन खेलों के कुछ संकेतों की पहचान अपने मित्रों को कराओ। इन संकेतों को क्या कहते है ? उदाहरण : एक हाथ उठाकर एक उंगली ऊपर उठाने पर, क्रिकेट के खेल में इसका अर्थ 'आऊट' होता है।

NOT TO BE REPUBLISHED © KTBS

गाओ - झूमो :

भाषा की है नही जरूरत
संकेतों को अगर तुम सीख लो।
दूर हो या शोर हो
संकेतो से तुम बोल लो।

रमेश : ओह! द्राविड... ने कितना अच्छा शतक बनाया था।

करुणा : मुझे तो द्राविड बहुत पसंद हैं।

सुनील : हाँ मुझे भी। शतक बनाने के लिए उन्हें हम एक बधाई पत्र लिखें?

सब लोग : अच्छा कहा।

करुणा : मैं लिखूंगी, तुम लोग यह बताओ कि लिखना क्या है।

उमा : ठीक है, तुम्हारी लिखावट भी अच्छी है।

करुणा : पोस्टकार्ड किसके पास है ?

रीटा : हमारे घर में है। अभी लेकर आती हूँ। खाने की छुट्टी में लिखेगे।
(खाने का समय हुआ, क्रिकेट का खेल रुका)

सुनील : करुणा ठीक है लिखो। मैं बोलता हूँ।

स्थानः

दिनांक :

प्रिय राहुल द्राविड भैया नमस्कार

हम सब तीसरी कक्षा के बच्चे हैं। हम सब आपको बहुत पसंद करते हैं, आप कितनी अच्छी तरह से बैटिंग करते हैं। शतक बनाने के लिए हम सबकी ओर से आपको बधाई।

आपके प्रिय

तीसरी कक्षा के बच्चे

_____


_____

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

संजय : द्राविड का पता मालूम है ?

सलमान : पिताजी के पास है। अभी लाता हूँ।

करुणा : पता लिखूँ ?



उमा : हमारा पता लिखो

रीटा : ठीक है। पत्र तैयार हो गया। इसे द्राविड को कैसे भेजा जाए?

सुनील : डाक पेटी में डाल देते हैं।

करुणा : हाय ! वह द्राविड तक पहुँचेगा कैसे ?

सलमान : यहीं पर डाकघर है। डाकपेटी भी है। सब चलते हैं। वहाँ जाकर डाक पेटी में डालदेते हैं। इसके बाद वह पत्र द्राविड तक कैसे पहुँचेगा यह हम डाकघर चलकर पूछेंगे।

(सभी शोर मचाते हुए डाकघर की ओर चल पडे)

उमा : करुणा, उस पत्र को यहाँ डाकपेटी में डाल दो।

करुणा : डाल दिया।


@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

सुनील : (अरे! कोई डाकपेटी से सारे पत्र निकाल रहा है)
आप पत्र क्यों निकाल रहे हैं। इसने द्राविड को पत्र लिखा है। आप पत्र निकाल लेंगे तो वह द्राविड तक नहीं पहुँचेगा।

डाकिया : चिंता मत करो। मैं डाकिया हूँ। लोग पत्र लिखकर डाकपेटी में डालते है मैं उन्हे प्रतिदिन निकालकर डाकाघर ले जाता हूँ। डाकघर आकर वहाँ के काम देखो।







देखो, यह रहा तुम्हारा पत्र जो तुमने द्रविड को लिखा है। इसके ऊपर मुहर लगाएंगें। देखो ये सारे पत्र बेंगलूरु भेजे जाने वाले हैं। इन्हें रेलगाडी में भेजेंगे। बेंगलूरु में डाकघरवाले इन सब पत्रों को वहाँ के डाक घर ले जाएंगे। वहाँ पर लिखे गए पत्रों के आधार पर अलग-अलग करेगें और अलग-अलग स्थानों के अलग-अलग डाकिए उन पतों पर पत्रों को पहुँचाएंगे।

NOT TO BE REPUBLISHED © SCERT

सुनील : द्राविड को हमारा पत्र कब तक पहुँचेगा ?

डाकिया : तीन दिन लगेंगे।

संजय : क्या कल तक नहीं पहुँच सकता ?

डाकिया : उधर देखो, शीघ्र डाक सेवा। ''स्पीड पोस्ट'' वहाँ देने पर, पत्र हवाई जहाज द्वारा शीघ्र पहुँच जाता है, पर उसके लिए अधिक दाम लगते हैं। डाकघर के अलावा कुछ निजि संस्थाए भी डाक पहुँचाने का कार्य करती हैं 'कोरियर' डाक के बारे में शायद तुमने सुना होगा।

रीटा : ओह.... परसों मेरे जन्मदिनपर दादी ने मुझे रुपये भेजे थे जिन्हें डाकिया भैया ने घर पहुँचाए थे।

डाकिया : उसे मनि आर्डर कहते हैं। पत्र की तरह रुपये भी डाक द्वारा भेजे जा सकते हैं। इसी तरह पुस्तके तथा अन्य वस्तुओं को भी भेजा जा सकता है। इसे 'पार्सल' कहते हैं।

सुनील : डाकिया भैया तीन दिनों में हमारा पत्र पहुँच जाएगा न ?

डाकिया : हाँ बच्चों चिंता मत करो।

करुणा : होय... अब खाने का समय समाप्त हो गया होगा और फिर क्रिकेट का खेल शुरु हो गया होगा। मैच देखना है चलो।

(बच्चे शोर मचाते हुए डाकघर से भागकर
घर पहुँचे और टी.वी. के सामने बैठ गए।)

पत्र क्यों लिखते हैं?

©NCERT NOT TO BE REPUBLISHED

क्या तुमने कभी किसी को पत्र लिखा है ?

क्रिया कलाप : अपने मित्रों / दादा-दादी / अपनी पसन्द के व्यक्ति को पत्र लिखो।

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

करो - देखो


तुमने जो पत्र लिखा है उसे डाकघर जाकर डाकपेटी में डालो। इसके बाद डाकघर के अन्दर जाकर वहाँ चलने वाले कामों को देखो

तुमने जो डाकघर देखा उसके बारे में यहाँ लिखो।

नीचे दिए गए चित्रों को ध्यान से देखो। चित्रों की सही क्रम संख्या लिखो। दिए गए उदाहरण समझो।







1








@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

करके - देखो

सफेद कागज लेकर लिफाफा बनाओ।



तुम्हारे द्वारा बनाए लिफाफे को अगर भेजना है तो उसपर पता लिखो। पत्र को उसके अन्दर रखो लिफाफे को बन्द करके चिपकाओ। अब उसपर 5.00 रु के मूल्य का डाक टिकट चिपकाओ अब इसके बाद उसे डाकपेटी में डालो।

डाक-टिकट न लगाने पर क्या होता है ? इसे अपने शिक्षक / बडों से जानो।

क्रिया कलाप : प्रसिद्ध व्यक्तियों, प्राणियों, पौधों के चित्रों से युक्त विशेष डाक टिकटों को तुमने देखा होगा। तरह-तरह के डाक-टिकट होते हैं। ऐसे डाकटिकटों का संग्रह करने की आदत डालो। इकट्ठा किए-गए टिकटों को एक बडे कागज पर चिपकाकर एक दो पंक्तियाँ लिखो।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

पाठ 16

दीपा की पीढ़ियाँ

R3J7G2

इस पाठ के अध्ययन के बाद तुम,

- तीन पीढ़ियों के संबन्धों को जानेंगे। सरल वंशवृक्ष की रचना करोगे।
- परिवार के सदस्यों के भौतिक तथा अनुवंशीय लक्षणों की समानता को पहचानोगे।
- माँ-बच्चे के संबन्धों को जानोगे।

राजू, दीपा, गर्मियों की छुट्टी में दादी के घर आए। दीपा राजू माँ तथा दादी पास के गाँव में नामकरण समारोह में भाग लेने गए। वहाँ बहुत से लोग इकट्ठा थे। दीपा ने झूले में छोटे से बच्चे को देखा।

दीपा : माँ वह मुन्ना किसका है ?

माँ : दीपा यह बच्चा राधा और राजीव जी का है। जब तुम छोटी थी तुम्हें भी मैं इसी तरह गोद में उठाए रहती थी।



© KTBS TO BE REPUBLISHED

झूले में लेटा बच्चा रोने लगा। रोते बच्चे को उठाकर राधा लोरी गाने लगी।

चन्दामामा दूर के पुए पकाए बूर के।
आप खाए थाली में मुन्ने को दी प्याली में।
प्याली गई टूट, मून्ना गया रूठ ।
नई प्यालियाँ लाएँगें मुन्ने को बहलाएँगे।
गाना सुनकर बच्चा चुप हो गया।

क्रिया कलाप : राधा ने किस तरह बच्चे को चुप कराया, अभिनय करके बताओ।

क्या तुम ऐसी लोरियों को जानते हो ? गाकर सुनाओ। अपने बडो और शिक्षकों से ऐसे गीतों को सीखो।

इन चित्रों को ध्यान से देखो। माँ अपने बच्चे की देखभाल कैसे करती है ? बताओ।






ऊपर दिखाए सभी दृश्यों में माँ अपने बच्चे की किस तरह प्यार, देखभाल व सुरक्षा जैसी आवश्यकताओं की पूर्ति कर रही है।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

नामकरण समारोह के बाद वापस आते समय रास्ते में दादी की सहेलियाँ मिली। बातचीत करने लगी। राजू को देखकर बोली ''यह तो बिल्कुल अपने दादा जैसा है। आँखे, चौडा माथा, लंबी नाक बिल्कुल अपने दादा से मिलते हैं। तब दीपा बोली मैं तो बिल्कुल माँ जैसी हूँ''। ऐसा सब कहते हैं। देखो मेरे बाल माँ जैसे घुंघराले हैं।

- तुम अपने परिवार के किस सदस्य जैसे लगते हो ? ध्यान से देखकर उनका नाम लिखो। वे तुम्हारे कौन लगते हैं बताओ।

  _____ _____

- तुम्हारे परिवार के सदस्यों में पाई जानेवाली समान गुण लक्षणों की सूची बनाओ।
  उदाहरण : मेरा और पिताजी का रंग एक जैसा है।

  _____

  _____

  _____

  _____

  _____

- निम्न चित्रों में एक ही परिवार के सदस्य हैं। इन लोगों में दिखाई देनेवाली समानताओं की सूची बनाकर लिखो।



@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED



पढो - जानो

बच्चे-माँ, नाना-नानी, दादा-दादी तथा परिवार के अन्य सदस्यों से मिलते जुलते होते हैं। सामान्यतः एक ही परिवार के सदस्य के बाल, शरीर का रंग, आँखे, कान, नाक चाल, हँसी आदि में समानता देखी जा सकती है।

वहाँ बाजार से वापस आ रहे दादाजी मिले। रामप्पा दादाजी वहाँ से बच्चों को बाग में घुमाने ले गए।

दीपा : दादा जी तुम्हारे कितने बच्चे हैं ?
दादा जी ने बच्चों को अपने परिवार की जानकारी दी।

दादा : ''दीपा तुम्हारी दादी पुट्टम्मा और मेरे दो बच्चे हैं'' वे तुम्हारे पिताजी सुबण्णा और तुम्हारी बुआ लीला है। तुम्हारे पिता के तुम दो बच्चे हो। मैं तुम्हारी दादी, तुम्हारे माता-पिता, तुम और राजू इस तरह हमारी तीन पीढियाँ हो गई''

दीपा : दादा जी आप क्या बोले मुझे समझ ही नहीं आ रहा।


राजू : ''दीपा हमें कक्षा में पीढियों के बारे में बताया गया है। इसे बहुत आसान तरीके से वंशवृक्ष बनाकर दिखाया जा सकता है। घर जाने के बाद मै दादाजी की कही गई बात को लिखकर दिखाऊंगा। तब तुम्हें समझ आएगा।

NOT TO BE @KTBS REPUBLISHED

बच्चे घर आ गए।

दीपा : राजू अब वंश वृक्ष बनाकर दिखाओ यह लो कागज पेन्सिल।

राजू : ठीक है देखो।



दीपा : अरे! यह तो बिल्कुल पेड जैसा है।

राजू : इसीलिए तो इसे वंशवृक्ष कहते हैं।

यह राजू के परिवार का सरल वंशवृक्ष है?

तुम्हारे घर में कौन-कौन रहते हैं ?

_____ _____ _____

_____ _____ _____

घर के बुजुर्गों से दादा-दादी के बारे में जानकारी पाओ राजू के नमूने के अनुसार तुम्हारे दादा-दादी से लेकर तुम अपने तक परिवार का एक सरल वंश-वृक्ष बनाओ।

©KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

क्रिया कलाप : तुम्हारे मित्रों द्वारा बनाए गए वंश-वृक्ष को ध्यान से देखो इसमें क्या अन्तर है देखो। कक्षा में अपने मित्रों के साथ इसके बारे में चर्चा करो।

दीपा : दादाजी तुमने बगीचे में एक बडा पेड दिखाया था ना ?

दादा : हाँ जब मैं छोटा था तब वह पेड लगाया गया था। अब कितना बडा हो गया है।

दीपा : दादाजी उसके बगल में ही एक और पेड था।

दादा : जब तुम्हारे पिता छोटे थे वह पेड तब लगाया था। वह थोडा छोटा है पर अच्छी तरह बढ रहा है.

राजू : दादा जी मैं और दीपा भी कल वहाँ एक और पौधा लगाएंगे।

दादा : बहुत अच्छा है राजू। आगे चलकर वह भी तुम्हारे समान बडा होगा।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

पाठ 17


मेरी रुचियाँ

H4I9M9

इस पाठ के अध्ययन के बाद तुम,

- आदतों व मौल्यों का परिवार तथा मित्रों पर पडनेवाले प्रभाव को जानोगे।

इन चित्रों पर ध्यान दो।





ये लोग क्या कर रहे हैं।

_____ _____

_____ _____

_____ _____

_____ _____

पढो समझो

- खाली समय में लोग अपनी पसन्द के कुछ काम करते हैं। यही रुचियाँ कहलाती है।

उदाहरण के लिए पुस्तकें तथा अखबार पढना। डाकटिकट इकट्ठा करना गाने का अभ्यास, बगीचे की देखभाल इत्यादि।

NOT TO BE REPUBLISHED © KTBS

1. तुम अपने खाली समय में क्या करते हो ? तुम्हारी क्या अभिरुचियाँ हैं ?

_____ _____

2. तुम्हारे परिवार के लोगों की रुचियाँ जानकर लिखो।

_____

_____

3. अपने मित्रों की रुचियों के बारे में यहाँ लिखो।

_____ _____

_____ _____

4. क्या तुम्हारी रुचियाँ, परिवारवालों की रुचियाँ तथा मित्रों की रुचियों में समानता हैं अथवा अलग भिन्न प्रकार की रुचियों को यहाँ दिए गए खानों में लिखो।

समान रुचियाँ	भिन्न रुचियाँ
_____	_____
_____	_____
_____	_____
_____	_____


5. तुमने इन रुचियों को क्यो चुना है ?

नीचे लिखे कारणों में से अपने उत्तर पर (✓) का निशान लगाओ।


बहुत पसन्द है.	सुविधाजनक होने तथा मौका मिलने से	खुशी/मनोरंजन के लिए
परिवारजनों की रुचियों के प्रभाव से	मित्रों की पसन्द का प्रभाव	बडो व शिक्षकों के मार्गदर्शन से

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

पढो - जानो



दसवर्ष के लडके सलीम ने नीचे गिरे पक्षी को 'चिडिया' समझा। उसे हाथ में लेकर सहलाने लगा। तब उसकी छाती पर पीले रंग को देखा और उसे मालूम हुआ कि वह चिडिया नहीं है। वह कौन सा पक्षी है इसे जानने के लिए वह उत्सुक हुआ। उसके चाचा अमीरुद्दीन उसे मुंबई के पक्षी तथा प्राणियों के अध्ययन के लिए ''नैचुरल हिस्ट्री सोसाइटी'' ले गए। वहाँ उसने पक्षियों का अध्ययन शुरु किया बडे होते होते उसने इसे अपनी अभिरुचि बना ली आगे चलकर यह लडका पक्षियों का जानकार बना और पक्षियों से संबन्धित पुस्तकों की रचना की। यही प्रसिद्ध पक्षी प्रेमी सलीम अली हैं।



बालक जगदीशचन्द्र बोस को पेड-पौधो व प्राणियों के बारे में जानने की अभिरुचि थी। खुद उसने अनेक पौधों को उगाया। इनके माता-पिता ने इस काम के लिए इन्हें प्रोत्साहित किया। सही मार्गदर्शन द्वारा पेड-पौधों के बारे में अध्ययन किया और प्रसिद्ध हुए। पेड-पौधों में भी जान होती है वे भी सुख दुख अनुभव करते हैं इस बात को लोगों के सामने रखा। यह बालक आगे चलकर प्रसिद्ध वनस्पति शास्त्रज्ञ डा. जगदीशचन्द्रबोस कहलाया।

अभिरुचि को अपना पेशा बनाकर प्रसिद्धि पाई, अपनी पसन्द, परिश्रम तथा परिवार के लोगों के सहयोग व मार्गदर्शन से यह संभव हुआ।

क्रिया कलाप : अपने से बडो व शिक्षकों से इस तरह के उदाहरणों को जानो। इस तरह की जानकारी को अपनी कक्षा में जाकर सुनाओ।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

तुम अपने परिवार के किस सदस्य की तरह बनना चाहते हो। क्यों ?

_____

_____

अपनी अभिरुचियों को यहाँ लिखो।


_____

_____

अपनी रुचियों को आगे बढाने के लिए परिवार जनों तथा शिक्षकों से मार्गदर्शन लो। इसके साथ साथ अच्छी अभिरुचियों को अपनाकर अभ्यास करो।

निम्न चित्रों को देखकर इनमें से तुम क्या करते हो ? उसपर (✓) का चिह्न बनाओ। क्यों करते हो बताओ।











@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED


















@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

- किन्ही ऐसे पाँच अच्छे कार्यों के बारे में लिखो जो तुमने किए हों। ये अच्छे क्यों हैं इसे बताओ।

_____

_____

_____

_____

_____



पढो समझो

अप्पिको आंदोलन

हमारे राज्य के शिरसि तालूक में **साल्कणि** नामक छोटा सा गाँव है। इस गाँव के चारों ओर घना जंगल है । एक बार जंगल के पेडों को काटने के लिए शहर के लोग आए। खबर मिलते ही गांव के लोग जंगल की ओर भागे। उस गाँव के सभी लोग एक एक पेड से चिपककर खडे हो गए। पेड काटनेवाले लोग यह देखकर आश्चर्य चकित हो गए। पेड काटने में नाकामयाब होकर वापस चले गए लोगों ने जंगल बचा लिया।


जंगल बचाओ, जंगल बढाओ, सही जंगल का उपयोग करो।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

रिक्त स्थानों में सही शब्दों को भरो।

1. साल्कणि गाँव के चारों ओर _____ है।
2. शहर के लोग जंगल को _____ काटने आए।
3. गाँव के लोग पेडो से _____ गए।
4. गाँव के लोगो ने पेडों से चिपककर _____ बचाया।
5. जंगल _____, _____ बढाओ।

तुम अच्छे लडके / लडकी बनना चाहते हो ? कैसे ? खेलकर जानो।



पासा तथा गोटियों से खेलो। पासा फेंकने पर आए अंक के बराबर गिनकर गोटी चलो। जब तुम्हारी गोटी सीढी के खाने में आए तो देखो कि वहाँ क्या लिखा है फिर गोटी ऊपर ले जाओ। रस्सी के ऊपरी सिरे वाले खाने में जब तुम्हारी गोटी पहुँचे तो नीचे उतरो। क्यों ? इसे पढकर जानो। अगर अच्छी बातें पढकर सीखोगे तो तुम अच्छे लडके / लडकी बनोगे। खेल खेलो। हमेशा अच्छे काम करो।

NOT TO BE REPUBLISHED


पाठ 18


ये भी हम जैसे


P2U6Z5

इस पाठ के अध्ययन के बाद तुम,

- विशेष आवश्यकतावालों के प्रति संवेदनशील होकर सहायता करना सीखोगे।







यहाँ तीन दृश्य दिखाए गए हैं, ऐसे सन्दर्भ में तुम क्या करोगे।

_____

_____

_____

आशा व लता सहेलियाँ हैं, ये तीसरी कक्षा में पढती हैं लता को दिखाई नहीं देता। वह ब्रैल लिपिवाली पुस्तकों को पढती है और लिखने में भी ब्रैल लिपि का उपयोग करती है। वह बहुत अच्छा गाती है। इसके कामों में आशा व कक्षा के सब बच्चे उसकी मदद करते हैं, यह बहुत खुशी खुशी स्कूल आती है।

- अगर तुम आशा के दोस्त / सहेली होते तो उसके कौन-कौन से कामों में मदद करते।

_____ _____

_____ _____

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED


पढो - जानो :



ब्रैल : तीन वर्ष का एक छोटा बालक अपने पिता के किसी नुकीले औजार से खेल रहा था। उसकी नोक आँखों में चुभने के कारण वह अंधा हो गया। वह बच्चा पढना चाहता था, अंधेपन के कारण यह संभव नहीं हो पा रहा था। बडे होते-होते वह पढने के अलग-अलग विधानों के बारे में सोचते रहता था। अंत में वह इस निष्कर्ष पर पहुँचा कि अक्षरों को छूकर सीख सकते है और लिखना भी संभव हो सकता है। इसी का विकास करके उसने अंधेपन की समस्यावालों के लिए पढना सुविधाजनक बनाया। इनका नाम लूइस ब्रैल है। इनके द्वारा उपयोगित लिपि ही ब्रैल लिपि है।

मोटे कागज पर छेद करनेवाली वस्तु से बिन्दु डालते हैं। इस कागज को उल्टा करने पर वह बिन्दु उभरे रहते हैं। यही ब्रैल लिपि है। इन बिन्दुओं को छूकर इनकी संख्या व लिखने के तरीके के आधार पर बिना आँखों वाले भी अक्षरों को पहचान सकते हैं।

यहाँ ब्रैल लिपि के अक्षर **अ** तथा **आ** हैं।



अ **आ**


छः बिन्दुओं को अ तथा आ के रुप में पहचान कराया गया है। 'अ' के 6 बिन्दुओं में एक बिन्दु अधिक उभरा रहता है। 'आ' में तीन बिन्दु अधिक उभरे रहते हैं। इस तरह छः बिन्दुओं द्वारा अक्षरों को पहचानते हैं।


© DTBS NOT TO BE REPUBLISHED

गीता बुद्धिमान लडकी है। पाठशाला में वह सब बच्चों के साथ मिलकर खेलती है। गीता को सुनाई नहीं देता और बोल भी नहीं सकती, उसके मित्रों को उसके इशारे (संकेत) समझ आते हैं।

तुम क्या चाहते हो इसे इशारे से अपने मित्रों को समझाने का प्रयत्न करो।

इन दृश्यों से क्या समझ आता है, समझकर लिखो।


















© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED





क्रिया कलाप : कुछ संदर्भों में हम बिना बोले इशारों से अपने विचारों को अभिव्यक्त करते हैं, वे क्या हैं ? लिखो।

उदाहरण : अध्यापक पढाते समय अगर तुम्हारे दोस्त / सहेलियाँ बातें करें तो वे चुप रहने के लिए इशारा करते हैं। मुँह पर एक उँगली रखते हैं।

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

- नीचे लिखे कथनों को पढकर बिनाबोले संकेत करके दिखाओ।

पानी चाहिए	खाना चाहिए	नींद आ रही है।
घंटी बजी	पिताजी आएंगें	हाथ दुखता है।
गेंद से खेलो	रस्सी कूदो	मैं नाचूँगा

रवि का पैर ठीक न होने से उसे चलने में परेशानी होती है। वह अभी-अभी स्कूल में भर्ती हुआ है। अगर रवि तुम्हारे स्कूल में पढे तो तुम उसकी मदद कैसे करोगे?

_____

_____

_____

_____

अपने चारों ओर देखो। तुम्हारे जैसे दिखने वाले कुछ बच्चों की शारीरिक न्यूनताओं पर ध्यान दिया होगा। इन्हें कुछ विशेष सुविधाओं की आवश्यकता होती है। उन्हें मदद की आवश्यकता होती है इसके लिए मित्रों का सहयोग जरुरी है।

विशेष मदद की आवश्यकता रहनेवाले कुछ लोगों ने अपने परिश्रम और मन लगाकर कुछ विशेष क्षेत्रों में महत्वपूर्ण सफलताएँ प्राप्त की है। प्रसिद्धि पाई है। ऐसे प्रसिद्ध व्यक्तित्ववाले लोगों के बारे में अपने बडों से जानकारी हासिल करो। ऐसे किसी व्यक्ति के बारे में 4 पंक्तियाँ लिखो।

पढो - समझो

डा. पुट्टराज गवाई

कला, साहित्य, संगीत और नाटक के द्वारा प्रसिद्धि पानेवाले विशिष्ट व्यक्ति डा. पुट्टराज गवाई हैं।



बचपन में ही इनकी दोनो आँखे चली गई थी। इनके गुरु पंचाक्षरी गवाई थे। ब्रैल लिपि सीखकर इन्होंने लगभग 64 से अधिक ग्रन्थों की रचना की। श्रेष्ठ गायन के अतिरिक्त वे अनेक वाद्य बजाते थे। इनके पास 15 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने संगीत सीखा है। इनकी मृत्यु सन 2010 में हुई। समाज के लिए इनका योगदान महत्वपूर्ण है।

@KEBS NOT TO BE REPUBLISHED

पाठ 19

मेला आया मेला

Y4M7N5

इस पाठ के अध्ययन के बाद तुम,

- सामाजिक त्योहारों, समारोहों तथा मेलों में भागलोगे। तथा सहकारिता के भाव को जानोगे।




मैं रमेश हूँ। हमारे लिए दीपावली विशेष त्योहार है। दीपावली तीन दिन तक मनाते हैं। पहले दिन नरक चतुदर्शी, दूसरे दिन गौ पूजा तथा लक्ष्मी पूजा तीसरे दिन बलि पडवा मनाई जाती है। तीनों दिन घर में दिए जलाकर मिठाई खाकर पड़ोसियों को बाँटकर पटाखे छोडते हैं। इस त्योहार पर हम बहुत खुश होते हैं।





मैं नगीना हूँ, रमजान हमारा विशेष त्योहार है। रमजान के महीने में दिन के समय उपवास रखते है आखरी दिन ईद (त्योहार) मनाते हैं। उस दिन हमारे यहाँ मिठाइयाँ बनाते हैं तरह-तरह के व्यंजन बनाते हैं। मित्र-संबन्धी तथा पडोसी मुबारकबाद देते हैं। हम सभी मिठाई खाकर व पड़ोसियों को मिठाई बाँटकर खुशी मनाते हैं।



© KTS PUBLISHED NOT TO BE REPUBLISHED



मैं हूँ रॉबिन। क्रिसमस हमारा विशेष त्योहार है। इस दिन क्रिसमस वृक्ष (एक गुच्छेदार छोटा सा पेड) सजाकर, उस पर उपहारों को टाँगते हैं। मित्र-संबन्धी त्योहार पर हमारे घर आते हैं। बधाई पत्र, तथा मिठाइयाँ बाँटकर खुशी मनाते हैं।



रमेश, नगीना, रॉबिन आदि ने अपने घरों में मनाए जानेवाले त्योहारों के बारे में बताया है। तुम अपने घर में कौन-कौन से त्योहार मनाते हो ?

_____ _____ _____

_____ _____ _____

त्योहार पर तुम अपने घर की सजावट कैसे करते हो ? कौन-कौन से काम करते हो?

_____

_____

घर में मनाए जानेवाले किसी त्योहार के बारे में 4 पंक्तियाँ लिखो।

_____

_____

_____

_____

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

त्योहार के विशेष मनोरंजक कार्यक्रमों की सूची बनाओ। इन्हें कौन कहाँ करते हैं लिखो।

कार्यक्रम	कौन ?	कहाँ ?

त्योहार के दिन तुम्हारे यहाँ कौन-कौन आते हैं ?

_____

तुम्हारे घर में कौन-कौन से पकवान बनते हैं ?

_____

_____

तुम्हें खाने में कौन सी चीजें पसन्द हैं ? अपने मित्रों को बताओ।

_____



पढो - जानो

- त्योहारों से मित्रों, संबन्धियों, परिवार के लोगों में मेल-जोल बढता है।

तुम्हारे घर में मनाए जानेवाले त्योहारों के बारे में बताया। तुम्हारे गाँव के लोग मिलकर कौन से त्योहार मनाते हैं ? यहाँ लिखो।


_____, _____, _____, _____ .

_____, _____, _____, _____ .

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED


खेल - खेलो

खेल खेलो, मेला देखो. इस पृष्ठ पर 25 खाने हैं। पासा फेंकों अपनी गोटी चलाओ, तुम्हारी गोटी किस खाने में पहुँचेगी देखो। इस खाने में कौन सा चित्र है। उसे देखकर अपनी पुस्तक में लिखो। तुम्हारी गोटी जिस खाने नहीं गई उसे अन्त में लिखो। अपने मित्रों के साथ यह खेल खेलो।



- तुम्हारे गाँव में कौन सा मेला लगता है ?
- तुमने जो मेला देखा है उसके बारे में वर्णन करो।

यहाँ मेले का एक दृश्य है। यहाँ चलनेवाले कामों को देखकर बताओ कि क्या-क्या हो रहा है। चित्र में दिए गए खाली जगह में लिखो। उन कामों को करनेवाले कौन-कौन हैं ? बताओ।



पढो - जानो

गाँव के सब लोग मिलकर कुछ त्योहार मनाते हैं। मेले भी गाँव के त्योहार होते हैं। मेलों को उत्सव या उर्स कहते हैं। गाँव के त्योहारों में वहाँ के सभी लोग भाग लेकर काम करते **आनंद उठाते हैं।**

गाओ झूमो :

मैं गया मेले में।
अपने गाँव के मेले में
गया दोस्तों के संग।
मिले देखने अनेकों रंग
झिलमिलाती बिजलियाँ
खाई हमने बहुत मिठाइयाँ

© @KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

गाओ - झूमो : अभिनय के साथ गीत गाओ

अभिनय गीत

मेले में गया, मेले में गया।
क्या लाए ? क्या लाए ?
कैंची लाया, कैंची लाया।
मेले में गया, मेले में गया।
क्या लाए ? क्या लाए ?
घंटी लाया, घंटी लाया।
मेले में गया, मेले में गया।
क्या लाए ? क्या लाए ?
साइकिल लाया, साइकिल लाया।
मेले में गया, मेले में गया।
क्या लाए ? क्या लाए ?
माला लाया, माला लाया।
मेले में गया, मेले में गया।
क्या लाए ? क्या लाए ?
कंगन लाया, कंगन लाया

(इस गीत की पहली और दूसरी पंक्ति को मिलाकर अभिनय करके गाओ। इसी प्रकार के मेलों से सम्बंधित गीतों का संग्रह करो।)

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

पाठ 20

मेरा एक दिन

K8W5S6

इस पाठ के अध्ययन के बाद तुम,

- अपने प्रतिदिन के कार्यों का चार्ट तैयार करोगे।
- कुछ बच्चों के लिए मजदूरी करने की मजबूरी है, इसे जानोगे।

रामू तीसरी कक्षा का विद्यार्थी है उसके प्रति दिन के कामों को नीचे दिखाया गया है, इन चित्र को देखकर उन्हें लिखो।











© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED














@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED





रामू के कामों को जान चुके हो। तुम सुबह से रात तक कौन से काम करते हो उन्हें क्रम से लिखकर चार्ट तैयार करो।

1. _____
2. _____
3. _____
4. _____
5. _____
6. _____
7. _____
8. _____
9. _____
10. _____

अपने चार्ट की तुलना अपने मित्र के चार्ट से करो देखो कि उनमें कुछ फर्क है क्या, इस का ध्यान दो।

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

यहाँ कुछ कामों की सूची दी गई है उन्हे क्रमानुसार लिखो।

1	रात को खाना खाकर सोती हूँ	1)	_____
2.	स्कूल जाती हूँ	2)	_____
3.	पौधों को पानी देती हूँ।	3)	_____
4.	नहाकर नाश्ता करती हूँ।	4)	_____
5.	सुबह जल्दी उठती हूँ।	5)	_____
6.	स्कूल में सिखाए पाठ को दोबारा पढती हूँ।	6)	_____
7.	शाम को सहेलियों के साथ खेलती हूँ।	7)	_____

क्रिया कलाप : यहाँ सुमा की चित्रकथा दी गई है। इसे पढकर निम्न प्रश्नों के उत्तर दो।



@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED






© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

सुमा को पाठशाला ले जाने कौन आए ?

सुमा पाठशाला न जाकर काम पर क्यों गई ?

सुमा फिर से पाठशाला कब गई ?

इन चित्रों को ध्यान से देखो।





इन चित्रों में बच्चे कौन से काम कर रहे है ?

इन कामों को करते समय बच्चों को तकलीफ होती है क्या ? किस तरह की परेशानी होती है ? बडों से पूछकर लिखो।

© NOT TO BE REPUBLISHED

ये लोग काम क्यों कर रहे हैं ? कारण सोचकर लिखो।

_____

_____

_____

_____



पढो - जानो

छोटी उम्र में काम करनेवाले ये बच्चे

- स्कूल, पढाई, खेल आदि से दूर हो जाते है। उन्हें सही शिक्षा नहीं मिल पाती।
- कुछ काम बच्चों को हानि पहुँचाने वाले होते हैं, इनसे उनका स्वास्थ्य बिगड सकता है। ये जल्दी मुसीबत मे पड जाते हैं।
- अपने मालिकों द्वारा दंडित किए जाते हैं।
- बुरी आदतों के शिकार होते हैं।

इसे रोकने के लिए सरकार ने कानून बनाए हैं। स्कूल जाने की उम्रवाले बाल मजदूरों की पहचान करके उन्हें शिक्षित करने के कार्यक्रम जारी किए गए हैं।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

शिक्षा बालकों का मूल अधिकार है।
शिक्षा सभी बच्चों के लिए अत्यावश्यक है।


पाठ 21

आँख मिंचौली

A6G8C1

इस पाठ के अध्ययन के बाद तुम,

- भीतरी खेल व बाहरी खेलों का वर्गीकरण करोगे।
- स्थानीय खेलों व पारंरिक खेलों के बारे में बडों से जानोगे।
- खेलों से होनेवाले उपयोग जानोगे।
- कहानी की किताबें, खेल, रेडियों, दूरदर्शन आदि से प्राप्त होनेवाले मनोरंजन के बारे में जानोगे।



© NOT TO BE REPUBLISHED

अकडम पकडम बम्बे पो
अस्सी नब्बे पूरे सौ
सौ में लगा धागा
चोर निकलकर भागा।

आँख मिचौली का गीत गाते हुए रानी ने जोर से छिपनेवाले बच्चों को सावधान करते हुए रंगा की आँखों से हाथ हटाया। सुमा, विनय, जॉन, हसीना पेड के पीछे

छिपे थे। रंगा उन्हें ढूँढने के लिए आगे बढा। सुमा जॉन हसीना ने भागकर रानी को छूकर कहा ''हमने रानी को छू लिया'' रानी की ओर भागकर आते हुए विनय को रंगा ने छूकर ''आउट्'' कर दिया। इतने में बारिश होने लगी। सभी बच्चे रंगा के घर के अंदर भागे।

रंगा : मेरे पास मामा द्वारा लाई कहानी की किताबें हैं, देखोगे ?

विनय : आज रविवार है। दूरदर्शन में बच्चों का कार्यक्रम होगा। चलो देखते हैं।

रानी : टी.वी. नहीं रेडियों में अच्छे-अच्छे गाने आ रहे होंगे। सुनेंगे।

सभी : नहीं नहीं, खेलेंगे।
तो बताओ कौन सा खेल खेलें? चर्चाशुरु हुई।

रानी : चौका बारह खेलते हैं।

रंग : नहीं क्योंकि हम छः लोग हैं और यह खेल केवल चार लोग खेल सकते हैं।

सुमा : तो फिर गोटियों का खेल खेलते हैं।

जॉन : नहीं उसे केवल दो लोग ही खेल सकते हैं।

हसीना : कैरम् खेलें

रंगा : हमारे यहाँ कैरम् बोर्ड नहीं है न ?

विनय : हम सब मिलकर गिट्टे खेलते हैं।

जॉन ने बाहर देखकर कहा 'बारिश' रुक गई है चलो बाहर चलें। सभी बच्चे शोर मचाते हुए फिर से बाहर दौडे। कौन सा खेल खेला जाए इसके बारे में फिर चर्चा होने लगी। सभी अलग खेलों के नाम बोलने लगे किसी ने कहा : गिल्ली डण्डा, कंचे, लट्टू क्रिकेट, लंगडी, रस्सी, फुटबाल, चोर सिपाही ऐसे कई नामों के बाद अन्त में तय किया कि लंगडी टाँग से छूने का खेल खेलने के लिए तैयार हो गये।

©KTBS NOT TO BE REPUBLISHED


- यहाँ दिए गए खेलों के नाम लिखो।


_____ _____ _____

_____ _____ _____

_____ _____ _____

इन खेलों में घर के अन्दर खेले जाने वाले खेल कौन से हैं ? गोले के अन्दर लिखो। घर से बाहर मैदान में खेले जानेवाले खेलों के नाम चौखाने में लिखो। इनमें से जिन खेलों के बारे में तुम जानते हो उसपर निशान लगाओ जिनके बारे में नहीं जानते उनके बारे में जानकारी पाओ।





@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED




पढो - जानो

- घर में बाहर, मैदान में खेले जानेवाले खेलों को 'बाहरी' खेल कहते हैं।
- घर के अन्दर तथा कक्षा में खेले जानेवाले खेलों को 'भीतरी' खेल कहते हैं।

बाहरी खेल	भीतरी खेल
_____	_____
_____	_____
_____	_____
_____	_____
_____	_____

- पाठशाला में शिक्षक द्वारा खिलाए जानेवाले खेलों के नाम लिखो।










NOT TO BE REPUBLISHED



















@KTBC
NOT TO BE REPUBLISHED

क्रिया कलाप : चित्रों में बच्चे जो खेल खेल रहे हैं उनके नाम यहाँ लिखो। इन खेलों को खेलने के लिए कौन सी वस्तुओं की आवश्यकता होगी लिखो। तुम जिनके बारे में नहीं जानते उनकी जानकारी **बडों से** पाकर लिखो।


खेल का नाम	**आवश्यक सामग्री**


@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED


- रस्सी, पत्थर, इमली के बीजों से कौन से खेल-खेले जा सकते हैं। यहाँ लिखो।

इन खेलों के बारे जानकारी पाओ।


तुम्हारे पास एक गेंद है. इस गेंद से तुम कौन-से खेल-खेल सकते हो इसे गेंद के चारों ओर दिए चौखानों में लिखो।











@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

- इनमें तुम्हें क्या पसन्द है? क्यों पसन्द है ?



पढो - जानो

- दूरदर्शन, पुस्तक, रेडियों से हमें मनोरंजन मिलता है और अनेक विषयों की जानकारी मिलती है।
- खेलों से हमारा मनोरंजन होता है। शरीर तथा मन को उत्साह मिलता है।
- खेलो से शरीर स्वस्थ व तंदुरस्त होता है।

तुम सामान्यतः कौन से खेल खेलते हो उनके नाम बताओ।

तुम्हारी पसन्द का एक 'भीतरी' खेल तथा एक 'बाहरी' खेल का नाम बताओ।

अपनी पसन्द के किसी खेल के बारे में चार पंक्तियाँ लिखो।

भीतरी खेल :

_____

_____

_____

_____

बाहरी खेल :

_____

_____

_____

_____

अपने मित्रों के साथ मिलकर अपनी पसन्द का खेल खेलो।

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

खेल - खेलो

दोस्तों के साथ मिलकर यह खेल खेलो। तुम और तुम्हारे मित्र अपने हाथों को कपडों में छिपा लो। दो लोग प्रश्नपूछे, सब मिलकर उत्तर दें।

प्रश्न	उत्तर
हाथ सब कहाँ गए ?	मेले में गए।
मेले से क्या मिला ?	गन्ना मिला।
गन्ने से क्या किया ?	गन्ने का रस पिया।
छिलके का क्या किया ?	कूडे में डाला।
कूडे से क्या मिला ?	खाद मिली।
खाद को क्या किया ?	खेतों में डाला।
खेतों से क्या मिला ?	घास मिली।
घास का क्या किया ?	गाय को डाला।
गाय से क्या मिला ?	दूध मिला।
दूध का क्या किया ?	दूध पिया स्वस्थ बना।

(इस गीत को तुम अपने स्थानीय उपयोगिता के अनुसार गा सकते हो।)

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

पाठ 22

मटके की कहानी

इस पाठ के अध्ययन के बाद तुम,

- मनुष्य ने अपनी मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विभिन्न वस्तुओं को तैयार किया, इसे मटके तथा कुम्हार के चाक के द्वारा विवरण दोगे।
- मटके के उपयोग में धीरे-धीरे क्या परिवर्तन हुए इसके बारे में चर्चा करोगे।
- चिकनी मिट्टी से मटकों के नमूने तैयार करोगे।

तुम्हें प्रतिदिन किन वस्तुओं की आवश्यकता पडती है इसे जान चुके हो। तुम्हारे प्रतिदिन की 5 आवश्यकताओं के नाम लिखो।

भोजन तुम्हारे प्रतिदिन की आवश्यकता है। तुम्हारे घर में भोजन कैसे बनाते हैं ? ध्यान दो।


खाना पकाने के लिए क्या-क्या चाहिए ? यहाँ लिखो।

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

खाना पकाने लिए पानी को कैसे बर्तनों में रखते हैं यह तुम जान चुके हो। तुमने जिन बर्तनों को अब तक देखा है। उन्हें कौन सी वस्तुओं से बनाया गया है ? 5 वस्तुओं को यहाँ लिखो।

सबसे पहले बर्तन किस वस्तु से तैयार किए गए थे ? तुम जानते हो ?






ऊपर दिखाए चित्रों को देखो।


© SCERT@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

मटका तैयार करने के लिए किन-किन वस्तुओं का उपयोग करते हैं ? यहाँ लिखो।

मटके का उपयोग किन कामों के लिए किया जाता है। क्या तुम जानते हो? यहाँ लिखो।

कुम्हार के यहाँ जाकर देखो कि मिट्टी के बर्तन कैसे तैयार होते हैं। इसके बारे में 2 पंक्तियाँ यहाँ लिखो।









चाक घुमा घुमाकर
मिट्टी के बर्तन बनानेवाला
मैं कौन हूँ ?



तुम्हारे घर में मटकी का प्रयोग करते हैं क्या ? कौन से कामों के लिए करते हैं यहाँ लिखो।

©KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

यहाँ दिए गए चित्रों को ध्यान से देखो। क्या परिवर्तन देख रहे हो ? वे क्या हैं उन्हें यहाँ लिखो।

तब	अब
	
	
	
	
	

@KTBS TO BE REPUBLISHED

क्रिया कलाप :

अपने घर तथा गाँव के बुजुर्ग पहले किन वस्तुओं का उपयोग करते थे इसके बारे में जानकारी पाओ। तुम्हारे घर में अब उपयोग होनेवाली वस्तुओं को ध्यान से देखो।

उनकी सूची तैयार करो।

तब	अब

तब और अब में क्या बदलाव आए हैं बताओ।

ये बदलाव क्यों आए ?

मित्रों और शिक्षकों से इस बारे में चर्चा करो / सोचो।

- तुम्हारे गाँव में कुम्हार होंगे उनके यहाँ जाकर देखो कि मिट्टी के बर्तन कैसे तैयार किए जाते हैं। मिट्टी के बर्तनों के रंग आकार और गात्र का अवलोकन करो। मटकों का प्रयोग लोग आजकल किस में करते हैं। इसकी चर्चा कुम्हार से करो।

करो - जानो :

- मिट्टी से छोटे-छोटे बर्तन सकोरे आदि तैयार करो इनमें दाने या पानी डालकर पक्षियों के लिए रखो।
- मिट्टी से मछली, फल, गमला, गुल्लक आदि बनाने का अभ्यास करो। इनमें रंग भरो।

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

पाठ 23


हम सबका घर


N6H2N9

इस पाठ के अध्ययन के बाद तुम,

- भूमि के आकार को जानोगे।
- दिन में होनेवाले बदलाव - बादल घिरना, वर्षा, धूप आदि शब्दों से युक्त वाक्यों का विवरण दोगे।
- सूर्योदय की सहायता से दिशा ज्ञान को याद करोगे।

बच्चों, पिछली कक्षा में तुमने आसमानी दोस्तों का परिचय किया है। अपने इन दोस्तों के नाम चित्र के सामने के चौखाने में लिखो। चित्रों की मदद लो।








© @KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

करो - जानो

- दिन के समय पानी से भरे थाल में सूर्य का प्रतिबिम्ब देखकर बताओ कि सूर्य का आकार कैसा है।
- पूर्णिमा के दिन तुमने चाँद देखा होगा न? उसके आकार के विषय में दो पंक्तियाँ लिखो।

नीचे दिए चित्र को देखो। क्या तुम जानते हो यह किसका चित्र है ? अपने बडों से या शिक्षक की सहायता से चित्र के सामने दिए गए खाली स्थान में इसका नाम लिखो।







NOT TO BE REPUBLISHED

भूमि के आकार को ध्यान से देखो। सूरज, चाँद के आकार की तुलना भूमि के आकार से करो। सूरज, चाँद तथा भूमि के आकार को दिए गए चौक में लिखो।

1.	सूरज	
2.	चाँद	
3.	भूमि	


नीचे दिए गए किस चित्र का आकार भूमि से मिलता - जुलता दिखाई देता है। बताओ ।

भूमि का आकार संतरे के आकार से मिलता है इस पर ध्यान दो।


क्रिया कलाप : संतरा लेकर उसके दोनों छोर छूकर देखो यह कैसे है ?



पढो - जानो :

- हमारी पृथ्वी (भूमि) के दो छोर हैं। उत्तरी छोर तथा दक्षिणी छोर।
- जिस प्रकार संतरे के दोनो छोर चपटे है उसी प्रकार भूमि के उत्तरी और दक्षिणी छोर भी चपटे हैं। भूमि का अपना एक निश्चित आकार है। जो कि भूमि का विशिष्ट आकार है।
- नीले, हरे तथा भूरे रंगों से युक्त भूमि का चित्र अत्यन्त आकर्षक दिखाई पडता है।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED



चित्र को ध्यान से देखो यह भूमि का छोटा सा नमूना है, इसे भूगोल अथवा ग्लोब कहते हैं। इसके उपयोग से हम भूमि के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। गोले में भूमि के आकार, लम्बाई, तथा चौडाई का स्पष्ट रुप से पता चलता है।


ग्लोब से होनेवाले उपयोगों की सूची बनाओ।

1. _____

2. _____

अपनी कक्षा के ग्लोब को ध्यान से देखो। उसे भू-भाग तथा पानी को किन रंगों में दिखाया है बताओ।


निम्न लिखित ग्लोब के चित्र में जलभाग तथा भूभाग को पहचान कर इन भागों में रंग भरो।



©KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

गाओ - झूमो

ग्लोब देखो, ग्लोब देखो।
यही भूमि का नमूना देखो।
भूमि का घूमना देखो।
दिन-रात का खेल देखो।
विशाल भूमि, जल की राशि देखो।
यह सब जीवों का आधार देखो।




ग्लोब भूमि का नमूना है यह तुम जान चुके हो। ग्लोब की सहायता से भूमि के बारे में जानने में आसानी होती है।

ग्लोब के दोनो ओर के चपटे छोरों पर ध्यान दो ऊपरी सिरेको **उत्तरी ध्रुव** तथा निचले सिरे को **दक्षिणी ध्रुव** कहते हैं।


ग्लोब के ऊपर कुछ लंबी तथा कुछ आडी रेखाए खींची गई हैं। यह ग्लोब के ऊपर खींची गई काल्पनिक रेखाएँ हैं। भूमि के ऊपर ये रेखाएँ दिखाई नहीं देती किसी प्रदेश का समय, दूसरे प्रदेशों से उसकी दूरी आदि को जानने के लिए ये रेखाएँ खींची गई हैं।


NOT TO BE REPUBLISHED



चित्र पर ध्यान दो। इस चित्र में गोल पर आडी रेखाएँ खींची गई हैं। इन्हें अक्षांश रेखाएँ कहते हैं। प्रमुख अक्षांश रेखाओं के नाम दिए गए हैं। चित्र देखकर इन्हें पढो।

चित्र को ध्यान से देखो। गोल के ऊपर लंबी रेखाएँ खींची गई हैं। इन्हें रेखांश रेखाएँ कहते हैं। प्रमुख रेखांश रेखाओं के नाम पढो।





गोल में भू-भाग को धरती गोल तथा जल भाग को जल गोल कहते हैं। ऊपर के चित्रों को देखो। भू भाग यहाँ वहाँ फैला हुआ है।

@KTBS WORK TO BE REPUBLISHED

गोल में दिखाए गए भू-भाग ही भूखण्ड हैं। भू-भाग के चारों ओर घिरा जल भाग विशाल सागरों से युक्त है। **टणेब में जलभाग को नीले रंग से दिखाया गया है।**

पढो - जानो

वह एक सुन्दर जंगल है। वहाँ एक हिरनी अपने दो बच्चों के साथ रहती थी। सुबह का समय था




हिरनी ने बच्चों को जगाया वे भोजन ढूँढने निकले।



थोडी देर खाना ढूँढने के बाद





© KSEEB RESERVED





बच्चो! चिट्टी और चिन्नी की कहानी कैसी लगी ?

© SCERT OKTBS NOT TO BE REPUBLISHED

क्रिया कलाप : सप्ताह के अलग-अलग दिनों में अलग अलग समय पर तुम्हारे गाँव/शहर में होनेवाले बदलावों पर ध्यान दो नीचे दी गई तालिका में (✓) का निशान लगाओ।

क्र.सं	सप्ताह का दिन	समय	धूप	वर्षा	बादल	इन्द्र धनुष	सर्दी
1.	सोमवार	सुबह दोपहर शाम					
2.	मंगलवार	सुबह दोपहर शाम					
3.	बुधवार	सुबह दोपहर शाम					
4.	गुरुवार	सुबह दोपहर शाम					
5.	शुक्रवार	सुबह दोपहर शाम					
6.	शनिवार	सुबह दोपहर शाम					
7.	रविवार	सुबह दोपहर शाम					

NOT TO @KTBS BE REPUBLISHED



पढो - जानो

धूप, बादल, हवा, सर्दी, बारिश ये सब मौसम के भाग हैं। इनमें प्रतिदिन बदलाव होता रहता है। एक ही दिन इन सभी बदलावों को देखा जा सकता है। दिन प्रतिदिन प्रत्येक घंटे में होनेवाले इन परिवर्तनों को ही मौसम या जलवायु कहते हैं। सुबह-सुबह और शाम को सूरज की धूप कम महसूस होती है, दोपहर के समय धूप तेज होती है। शाम को बादल छा कर बारिश भी हो सकती है। बिजली कडक सकती है।

क्रिया कलाप :

- धूप की वजह से हमें क्या लाभ है, इनकी सूची बनाओ।

1. कपडे जल्दी सूखते हैं।
2. _____
3. _____
4. _____
5. _____

- वर्षा से होनेवाले लाभों की सूची नीचे दी गई पंक्तियों में लिखो।


1. पेड पौधे अच्छी तरह बढते हैं।
2. _____
3. _____
4. _____
5. _____

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

क्रिया कलाप : इन्द्रधनुष में रंग भरो। आकाश में दिखाई देनेवाले इन्द्र धनुष के रंगों को ध्यान से देखो।




दिशाओं को पहचानने का तरीका तुम पिछली कक्षा में जान गए हो। नीचे दिए गए चित्र को देखो। सिंचन सूरज डूबने की दिशा की ओर मुंह करके खडी है। बाकी दिशाओं के नाम तुम चौखाने में लिखो।



© SCERT NOT TO BE REPUBLISHED


उगते सूरज की दिशा की ओर मुँह करके खडे होकर पूरब, पश्चिम, उत्तर तथा दक्षिण दिशा को आसानी से पहचान करना तुम सीख चुके हो। नीचे के चित्र को ध्यान से देखो।

कक्षा में बच्चे खेल रहे हैं। कौन-कौन सी दिशा में खडे हैं, पहचानकर लिखो।



© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

अभिषेक, कीर्ति, रीटा, श्रुति इन दिशाओं को तुम आसानी से पहचान सकते हो न? कुरेश, सुचित्रा, रफीक और राकेश तथा ये कौन सी दिशा में खडे हैं इन्हें चित्र की सहायता से पहचानो व चौखानो में लिखो।



पूर्व तथा दक्षिण दिशा के बीच आग्नेय है। अब बाकी को तुम पहचानो।

नैरुत्य _____ और _____ दिशाओ के बीच है।

पश्चिम तथा उत्तर दिशाओं के बीच _____ हैं।

ईशान्य दिशा, उत्तर तथा _____ दिशाओं के बीच है।

करो - जानो

दिशाओं को क्रम से याद रखने के लिए कुछ संकेत शब्द यहाँ दिए गए हैं। उनका उपयोग करके दिशाएँ याद रखो।

संकेत 1

आ, नै, वा, ई

(आग्नेय, नैरुत्य, वायव्य, ईशान्य)

संकेत 2

उ, ई, पू, आ, द, नै, प, वा

(आठ दिशाओ के पहले अक्षर)

©KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

दिशाओं के नाम याद रखने के लिए कुछ संकेत शब्दों का प्रयोग करते है, शिक्षकों / बुजुर्गों की सहायता से इसी तरह के अन्य शब्दों की जानकारी प्राप्त करो।

पाठ 24


नक्शा


इस पाठ के अध्ययन के बाद तुम,

- आस-पास का सरल नक्शा पहचानोगे।

नीचे दिए चित्र को ध्यान से देखो। रमेश ने अपनी कक्षा का नक्शा बनाया है।

ध्यान से देखो





विषय सूची

संकेत	विवरण
	श्यामपट
	अध्यापक की कुर्सी
	मेज
	रमेश
	रियाज
	शीला
	केविन्
	दिशा
	दरवाजा
	खिडकी
	कूडे का डिब्बा

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

रमेश दाहिनी ओर के दूसरे बेंच पर बैठता है उसने इसे अंकित किया है। इस चित्र को देखकर निम्न लिखित के उत्तर लिखो। विषय सूची से सहायता लो।

रमेश की कक्षा का दरवाजा _____ दिशा में है।

रमेश के दहिनी ओर की बेंच पर बैठी लडकी _____ है।

श्यामपट तथा मेज के बीच _____ है।

ईशान्य दिशा में रहनेवाली वस्तु _____ है।

दिशा रमेश के बाई ओर के _____ बेंच पर बैठी है।

रमेश जैसे तुम भी अपनी कक्षा का चित्र कागज पर खींचो। तुम्हारी कक्षा में कौन-सी दिशा में कौन सी वस्तुएँ है, अन्दाज से सरल चित्र बनाओ। वस्तुओं के लिए संकेतों का उपयोग करो।




पढो - जानो


- किसी भी स्थान का आकार, सीमा वहाँ की नदी, पर्वत, रास्ते, इमारतों के लक्षण, वहाँ पाई जानेवाली विभिन्न वस्तुओं के स्थान उनके अन्तर आदि को दर्शाने वाले संक्षिप्त चित्र को नक्शा कहते हैं। नक्शे में विस्तृत जगह को छोटे से पृष्ठ पर दिखा सकते हैं।
- ग्लोब देखा है न ? कागज पर इसे समतल (चपटा) दिखाया जाता है, इसे मानचित्र कहते हैं। इसमें पृथ्वी का पूरा चित्र एक नजर में देख सकते हैं।

नक्शा / मानचित्र का उपयोग, अध्यापक / बडों से पूछकर जानो।

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

क्रिया कलाप : यहाँ गाँव के नक्शे का नमूना दिया गया है। इससे सम्बन्धित विषयों की जानकारी शिक्षकों / बडों की सहायता से लिखो।





विषय - सूची	
चिह्न	**विवरण**

© MSCERT NOT TO BE REPUBLISHED

जोडकर लिखो

चिह्न	विवरण
	नदी
	घर
	पेड
	सूरज
	पहाड
	चाँद
	मनुष्य

@KTBS
NOT TO BE REPUBLISHED

X8A3C9

पाठ 25

मेरा जिला - तुम्हारा जिला

इस पाठ के अध्ययन के बाद तुम,

- जिले का परिचय प्राप्त करोगे।




चित्र को ध्यान से देखो। यहाँ कुछ घर हैं। यह मल्लेपुर गाँव है।



मल्लेपुर गाँव चन्नरायपट्टण **मंडल** में आता है। इस **मंडल** में मल्लेपुर जैसे कुछ और गाँव भी है।

यहाँ कुछ **मंडल** के चित्र है। कुछ **मंडल** मिलकर एक तालूक (तहसील) बनता है।




© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

अगर तुम गाँव में रहते हो, तो उस गाँव का **मंडल** तथा तहसील (तालूक) का नाम जानो। अगर नहीं तो तुम जिस गाँव को जानते हो उस गाँव का नाम लिखकर **मंडल** तथा तहसील का नाम लिखो।

गाँव का नाम	मंडल	तहसील

तुम्हारे तालूक के **मंडल** के नाम लिखकर सूची बनाकर कक्षा में टाँगो।


कुछ **मंडल** मिलकर तहसील (तालूक) बनता है यह बात तुम जान चुके हो नीचे के नक्शे को देखो।



©KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

कुछ तालूकों के समूह को जिला कहते हैं। चित्र में दिया गया नक्शा कौन से जिले का है बताओ।

कुछ जिलों को मिलाकर राज्य बनता है। हमारे राज्य कर्नाटक में कितने जिले हैं ? क्या तुम जानते हो ? कर्नाटक का नक्शा देखो। यहाँ दिखाए गए जिलों की सूची बनाओ। कुल कितने जिले है देखकर बताओ।



क्र.सं.	जिलों के नाम

क्र.सं.	जिलों के नाम

@KTBS
NOT TO BE REPUBLISHED

कर्नाटक के कुल जिले _____

तुम्हारे जिले का नाम _____

तुम्हारे जिले के तालूक _____ _____

_____ _____

_____ _____

_____ _____

_____ _____

_____ _____

_____ _____


हमारे राज्य के नक्शे पर ध्यान दो। राज्य के उत्तरी छोर पर कौन सा जिला है ? दक्षिणी छोर पर कौन सा जिला है ? ध्यान दो।

क्रिया कलाप : तुम्हारे जिले के चारों तरफ के जिलों के नाम दिशाओं के अनुसार निम्न लिखित सूची में लिखो।

दिशाएँ	जिलों के नाम
पूरब	
पश्चिम	
उत्तर	
दक्षिण	
आग्नेय	
नैरुत्य	
वायव्य	
ईशान्य	

NOT TO BE REPUBLISHED © KSEEB

इस चित्र को ध्यान से देखो। हमारे राज्य के कुछ जिलों में दिखाई देनेवाले प्राणि-पक्षियों के चित्र दिए गए हैं।



क्रिया कलाप : तुम्हारे जिले में पाए जाने प्राणी-पक्षियों की सूची बनाओ।

प्राणी	पक्षी

NOT TO BE REPUBLISHED


हमारे राज्य के जिलों में रागी, धान, ज्वार, ईख, नारियल, सुपारी, दालें, तिलहन इत्यादि की उपज होती है।



















क्रिया कलाप : तुम्हारे जिले में उत्पादित होनेवाले वस्तुओं की सूची बताओ।

_____	_____
_____	_____
_____	_____
_____	_____
_____	_____
_____	_____
_____	_____

NOT TO BE RE

हमारे राज्य के विविध जिलों में शक्कर, सीमेंट, खाद, विमान, वस्त्र तथा कागज इत्यादि के कारखाने हैं।







क्रिया कलाप : तुम्हारे जिले के प्रमुख कारखानों की सूची बनाओ।

_____

_____


_____

_____


_____

NOT TO BE REPUBLISHED

कृषि, मछलीपालन, वस्त्रों की बुनाई, टोकरी बनाना मिट्टी के बर्तन बनाना, इसी तरह के कुछ अन्य उद्योग हमारे राज्य के कई जिलों में चलते हैं।











@KTBS NOT TO BE RE






क्रिया कलाप : तुम्हारे जिले के मुख्य उद्योगों के बारे में शिक्षकों / बडों से जानकर सूची बनाओ।

_____ _____ _____

_____ _____ _____

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

भीमा, कृष्णा, तुंगभद्रा, नेत्रावती, कावेरी जैसी नदियाँ हमारे राज्य में बहती हैं।



© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

क्रिया कलाप : तुम्हारे जिले में बहनेवाली नदियों के नाम लिो।

_____


_____

_____

_____

_____

यह चित्र हमारे राज्य के प्रसिद्ध स्थान हंपी (शिलारथ), विजयापूरा (गोलगुंबज), मैसूरु (राज महल), बेंगलूरु (विधान सौधा), शिवमोग्गा (जोग झरना) मण्ड्या (पक्षीधाम) ये इन जिलों की विशेषताओं को दर्शाती हैं। हर एक जिले में ऐसे प्रसिद्ध स्थान हैं।





© @KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

क्रिया कलाप :

- तुम्हारे जिले के प्रसिद्ध स्थानों के नाम यहाँ लिखो।

_____,_____,_____,_____,_____.

यह स्थान क्यों प्रसिद्ध हैं जानो।

- अपने जिले के प्रसिद्ध स्थानों के चित्रों को इक्ट्ठा करके यहाँ चिपकाओ।

@KTBS
NOT TO BE REPUBLISHED

हमारे राज्य के प्रत्येक जिले की अलग विशेषता है। हर जिले की अपनी जलवायु, उपज, प्रसिद्ध स्थान, उद्योग, कारखाने आदि हैं। अपने जिले के बारे में जानकारी हासिल करो। दूसरे जिलों के बारे में भी जानकारी प्राप्त करो।